भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3339

जिसका उत्तर शुक्रवार, 8 अगस्त, 2025/17 श्रावण, 1947 (शक) को दिया जाना है।

उर्वरकों की जमाखोरी

3339. श्री अनन्त नायक:
श्री अनूप संजय धोत्रे:
डॉ. प्रशांत यादवराव पडोले:

क्या **रसायन और उर्वरक मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) खरीफ मौसम के दौरान उर्वरकों की जमाखोरी या कालाबाजारी पर निगरानी रखने और उसे रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;
(ख) क्या जमाखोरी/कालाबाजारी की कोई घटना सरकार के संज्ञान में आई है और यदि हां, तो इस पर की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है; और
(ग) भविष्य में इन समस्याओं को रोकना सुनिश्चित करने के लिए क्या विशिष्ट उपाय प्रस्तावित हैं?

उत्तर

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (ग): उर्वरक को एक आवश्यक वस्तु घोषित किया गया है और इसे उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 और उर्वरक (संचलन नियंत्रण) आदेश, 1973 के तहत अधिसूचित किया गया है। राज्य सरकारों को एफसीओ के तहत उर्वरकों की कालाबाजारी/जमाखोरी को रोकने और आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 और उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 (एफसीओ) के उपबंधों का उल्लंघन करके उर्वरकों की कालाबाजारी/जमाखोरी में संलिप्त किसी भी व्यक्ति/उर्वरक कंपनी के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने के लिए पर्याप्त अधिकार प्राप्त हैं। तदनुसार, राज्य सरकारों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, चल रहे खरीफ मौसम 2025 अर्थात दिनांक 01.04.2025 से दिनांक 01.08.2025 तक उर्वरकों की कालाबाजारी/जमाखोरी के मामलों की संख्या और राज्यों द्वारा उनके खिलाफ की गई कार्रवाई का विवरण **अनुलग्नक** में दिया गया है।

****

अनुलग्नक

यह अनुलग्नक दिनांक 08.08.2025 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं.3339 के उत्तर के भाग (क) से (ग) से संबंधित है।

	अप्रैल 25 से अगस्त 25 (01.08.2025 तक) तक संचयी विवरण							
		कालाबाजारी			जमाखोरी			दोषसिद्धि की संख्या
राज्य	निरीक्षणों/छापों की संख्या	जारी किए गए कारण बताओ नोटिस	रद्द/निलंबित किए गए लाइसेंसों की संख्या	दर्ज एफआईआर	जारी किए गए कारण बताओ नोटिस	रद्द/निलंबित किए गए लाइसेंसों की संख्या	दर्ज एफआईआर	
आंध्र प्रदेश	577	1	1	0	1	1	0	शून्य
अरुणाचल प्रदेश	0	0	0	0	0	0	0	शून्य
असम	1681	12	2	0	28	0	0	शून्य
बिहार	7176	712	314	18	0	0	0	शून्य
छत्तीसगढ	3661	264	3	3	29	1	0	शून्य
दादर एवं नगर हवेली	0	0	0	0	0	0	0	शून्य
दिल्ली	99	0	0	1	0	0	0	शून्य
गोवा	602	544	180	6	10	0	0	शून्य
गुजरात	4566	13	0	1	0	0	0	शून्य
हरियाणा	4133	47	3	1	16	18	1	शून्य
हिमाचल प्रदेश	0	0	0	0	0	0	0	शून्य
जम्मू एवं कश्मीर	1568	22	1	0	14	1	0	शून्य
झारखंड	352	3	0	0	5	4	0	शून्य
कर्नाटक	3538	150	10	0	117	0	0	शून्य
केरल	323	0	0	0	0	0	0	शून्य
मध्य प्रदेश	276	0	0	35	0	0	0	शून्य
महाराष्ट्र	26870	15	0	15	0	0	0	शून्य
मणिपुर	3	0	0	0	0	0	0	शून्य
मेघालय	169	0	0	0	0	0	0	शून्य
मिजोरम	11	0	0	0	0	0	0	शून्य
नागालैंड	64	14	0	14	0	0	0	शून्य
ओडिशा	3622	0	0	0	0	0	0	शून्य
पुदुचेरी	10	0	0	0	0	0	0	शून्य
पंजाब	2323	2	0	0	5	0	1	शून्य
राजस्थान	5828	0	0	0	0	0	0	शून्य
तमिलनाडु	10837	13	0	1	0	0	0	शून्य
तेलंगाना	47518	0	0	1	2	0	0	शून्य
त्रिपुरा	304	0	0	0	0	0	0	शून्य
उत्तर प्रदेश	16193	999	2181	44	164	37	3	3
उत्तराखंड	158	0	0	0	0	0	0	शून्य
पश्चिम बंगाल	15666	0	0	0	0	0	0	शून्य
कुल	**158128**	**2811**	**2695**	**140**	**391**	**62**	**5**	**3**
राज्यों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार उपर्युक्त आंकड़े संकलित किए गए हैं								